Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to include Siliguri city under smart city project.

श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । सिलीगुडी कोलकाता के बाद बंगाल का दूसरा सबसे बड़ा शहर है और नेशनल सेक्युरिटी की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण है । पिछले सालों में इस शहर की तेजी से आबादी बढ़ी है । यह पूरे नार्थ बंगाल के लिए हब है । लेकिन, जिस तरह से इस शहर का विकास होना चाहिए था, उस तरह से नहीं हुआ है । पानी की बहुत बड़ी समस्या है, ड्रेनेज का भी इश्यू है । एयरपोर्ट पर प्रतिदिन करीब छः हजार लोग आते हैं, उसके बावजूद भी एयरपोर्ट की हालत खस्ता है । एजुकेशन की हालत भी खस्ता है । नार्थ बंगाल में एक ही नार्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज नाम से एक अस्पताल है, उसकी भी हालत काफी खस्ता है । इन सबको देखते हुए अगर हम स्मार्ट सिटी के तहत इस शहर का विकास करेंगे तो सुरक्षा की दृष्टि से और वहां जो बहुत सारी आबादी रहती है, उनके लिए भी काफी अच्छा होगा । मैं आपके माध्यम से चाहता हूं कि सिलीगुडी को स्मार्ट सिटी के अंदर शामिल करें और इसको विकसित करें ।